तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




## सराफा व्यापारी से 1 करोड़ की उठाईगीरी, 2 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर के सराफा व्यापारी से एक करोड़ रुपए के जेवर व नकद की उठाईगीरी के मामले में पुलिस को सफलता मिल गई है। खबर है कि पुलिस ने दो लोगों को पकड़कर एक बोलेरो जब्त किया है। अन्य उठाईगीरों की तलाश में पुलिस दूसरे जिलों में भटक रही है।

रायपुर निवासी सराफा व्यापारी किशोर कुमार रावल 12 अक्टूबर को अम्बिकापुर सराफा दुकानों में सोने के जेवर बेचने गए थे। दिन भर मार्केटिंग करने के बाद रात में रायल बस से रायपुर लौट रहे थे। लौटते समय रास्ते में उन्हें नींद लग गई। इसी दौरान अज्ञात चोर उनका बैग चोरी कर भाग गए। सोमवार की सुबह बिलासपुर नेहरू चौक में बस पहुंची तो उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा तो उनका बैग चोरी हो गया था। व्यापारी श्री रावल के अनुसार, बैग में 900 ग्राम सोने की ज्वेलरी व 7 लाख रुपए बिक्री की रकम रखी थी। उन्होंने बस में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो सुबह रतनपुर बस स्टैण्ड में 4 लोग उनका बैग चोरी कर बस से उतरते नजर आ रहे थे।

मंगलवार को व्यापारी श्री रावल की रिपोर्ट पर पुलिस उठाईगीरों की तलाश में जुट गई थी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को उठाईगीरों को पकड़ने में लगभग सफलता मिल गई है। पुलिस ने दो उठाईगीरों को पकड़कर महाराष्ट्र पासिंग बोलेरो जब्त किया है। दोनों उठाईगीरों से पूछताछ कर पुलिस की टीम अम्बिकापुर सहित अन्य दूसरे राज्य में फरार उठाईगीरों की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है फरार उठाईगीर चोरी के जेवर व नकद रकम रखे हुए हैं।


बस से सराफा व्यापारी का एक करोड़ के जेवरात से भरा बैग ले उड़े चोर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### जेवर गलाई करने वालों ने की वारदात

अम्बिकापुर की सराफा दुकानों में महाराष्ट्र के लोग जेवर गलाई का काम करते हैं। व्यापारी हमेशा जेवर बेचने के लिए अम्बिकापुर जाते थे। इसी दौरान गलाई करने वालों द्वारा अपने साथियों को बुलाकर उसकी रैकी और योजना बनाकर उठाईगीरी की वारदात को अंजाम देने की चर्चा है। बताया जाता है 4 लोग अम्बिकापुर से बस में सवार हो गए थे। उनके साथी बोलेरो से पीछा करते आ रहे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद वे बोलेरो से भाग गए थे।

### खबर संक्षेप

#### युवकों का स्टंट करते वीडियो वायरल



**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में बाइक में चार सवारी युवकों का वीडियो जोरो से वायरल हो रहा है। पुलिस युवकों की पतासाजी में जुट गई है। बताया जा रहा है यह वीडियों सीपत चौक मुक्तिधाम का है। बाइक के नम्बर प्लेट में सीजी 10 बी, टी, 8294 लिखा हुआ है। बाइक नम्बर के आधार पर पुलिस युवकों की पतासाजी में जुट गई है। रील बनाने के चक्कर में युवा अपनी जान जोखिम में डालकर स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं। पूर्व में ट्रैफिक पुलिस के द्वार स्टंट करने वाले वाहन सवारों पर सख्ती से कार्रवाई की गई है। उसके बाद भी युवा बेखौफ होकर स्टंट करते नजर आ रहे हैं।

#### फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ग्रामीण से वसूली



**बिलासपुर।** तोरवा चौक पर एक ग्रामीण ट्रैफिक सिग्नल पार कर आगे बढ़ गया तो बिना नम्बर के बाइक सवार वर्दीधारी युवक ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर सिग्नल तोड़ने का आरोप लगाकर 500 रुपए वसूली कर ली। बाइक सवार तुलसी पाल ने बताया, बुधवार को वे पत्नी बच्चों के साथ मुंगेली से आ रहे थे। तोरवा चौक स्थित ट्रैफिक सिग्नल से आगे यह घटना हुई। उक्त युवक पूर्व में ट्रैफिक वार्डन का काम कर चुका है और इसी तरह फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लोगों को रोककर वसूली करता है।

## फ्लाइट की कमी, फ्लाइबिग ने अंबिकापुर की फ्लाइट की बंद

**बिलासपुर।** बिग एयरलाइन की हवाई सेवा ठप पड़ चुकी है। एयरलाइन्स कंपनी के पास फ्लाइट मौजूद नहीं है, ऐसे में कंपनी ने किसी अन्य एयरलाइन्स से टाईअप किया था, लेकिन तकनीकी और लाइसेंस के कारण दोनों एयरलाइन्स के बीच मदभेद होने की वजह से अब शेड्यूल को टाल दिया गया है। ऐसे में बिलासपुर व रायपुर से अंबिकापुर की फ्लाइट यात्रियों को नहीं मिल पा रही है।

बिलासपुर-अंबिकापुर हवाई सेवा को बड़ा झटका लगा है, फ्लाईबिग ने कुछ माह पहले बारिश के सीजन में मौसम खराब होने की बहाना बनाकर 19 सीटर फ्लाइट का परिचालन रोक दिया था। हाल ही में एयरपोर्ट अथारिटी को एक बार फिर परिचालन की सूचना भेजी गई और कहा गया है कि 4 अक्टूबर से फ्लाइट शुरू की जाएगी, इस दौरान कंपनी ने किसी स्काईहब कंपनी ने टाइअप कर फ्लाइट चलाने के लिए रूट का विभाजन कर लिया, लेकिन कंपनी को मिले निगेटिव फीडबेक और लाइसेंस की समस्या को देखते हुए फ्लाइट बिग ने परिचालन शुरू नहीं किया है। अब मामला दोनों कंपनियों के बीच अटका हुआ है, ऐसे में जब तक सहमति नहीं बनती, तबतक फ्लाईबिग के फ्लाइटों का परिचालन होना मुश्किल है। हाल यह है कि 26 अक्टूबर से विंटर शेड्यूल शुरू किया जा रहा है लेकिन एक बार फिर लोगों को अंबिकापुर की फ्लाइट नसीब नहीं होगी।



■ कंपनी ने 4 अक्टूबर से परिचालन शुरू करने का बनाया था शेड्यूल

### दिसंबर में की गई थी शुरूआत

दरअसल दिसंबर 2024 को बिलासपुर और रायपुर से अंबिकापुर की फ्लाइट चलाई गई थी। फ्लाईबिग एयरलाइन्स कंपनी ने 19 सीटर फ्लाइट महज एक हजार रूपए में ही शुरू कीथी। इसी फ्लाइट को वाराणसी तक ले जाने की योजना थी, लेकिन योजना ठप हो चुकी है। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत उड़ान योजना में बिलासपुर से अंबिकापुर रूट मिला है। छत्तीसगढ़ के शहरों के बीच सुलभ और सस्ती हवाई यात्रा उपलब्ध कराना ही योजना का मुख्य उद्देश्य है।

## सिम्स में खरीदे जा रहे पांच करोड़ के उपकरण, टेंडर प्रक्रिया पूरी

**बिलासपुर।** सिम्स में उपकरण खरीदी के मामले में सीजीएमएससी ने अपना जवाब पेश कर दिया है। इसमें कहा गया है कि प्रारंभिक तौर पर सिम्स के लिए 5 करोड़ के उपकरण खरीदे जा रहे हैं। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। दूसरे अस्पतालों में भी जरूरत अनुसार उपकरण खरीदे जाएंगे। हाईकोर्ट ने मामले में स्टेटस रिपोर्ट देने के निर्देश देते हुए अगले महीने सुनवाई तय की है। इस दौरान कोर्ट की ओर से कहा गया कि चिकित्सा उपकरण जल्द से जल्द खरीदे जाएं ताकि मरीजों को लाभ मिले। कोर्ट ने कहा हमें विश्वास है कि सभी संबंधित विभाग मिलकर धनराशि जारी करने और उच्च तकनीक वाले चिकित्सा उपकरणों की खरीद में तेजी लाने के लिए काम करेंगे। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा जस्टिस बिभु दत्त गुरु की पीठ ने सिम्स के डीन, स्वास्थ्य विभाग के सचिव और छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड (सीजीएमएससी) के प्रबंध निदेशक द्वारा दायर अलग-अलग हलफनामों की समीक्षा की।

दरअसल, सिम्स में मरीजों की जांच पुराने उपकरणों से हो रही है। पिछली सुनवाई के दौरान सिम्स प्रबंधन ने चिकित्सा सेवाओं को आधुनिक बनाने और जांच प्रक्रिया को तेज करने के लिए शासन को 15 करोड़ रुपए के दो अलग-अलग प्रस्ताव भेजने की जानकारी दी थी। साथ ही बताया था कि शासन से मंजूरी मिल गई है। लेकिन, चार माह बाद भी सिम्स में उपकरणों की खरीदी नहीं की गई है। जिसके कारण मजबूरी में डाक्टरों को पुरानी मशीनों से ही काम चलाना पड़ रहा है। कोर्ट ने कहा है कि सिम्स इस क्षेत्र का एकमात्र शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल है। जहां दूर-दराज से मरीज इलाज के लिए आते हैं। जब सरकार ने बजट दे दिया है, तो मशीनें लगाने में देरी क्यों हो रही है।

■ सीजीएमएससी ने अपना जवाब हाईकोर्ट में पेश किया

सिम्स के डीन ने पिछली सुनवाई में रोगियों की देखभाल और अन्य कई सुधारों पर जवाब दिया था। स्वास्थ्य विभाग ने कोर्ट को बताया कि 17 दिसंबर, 2024 को 4.99 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई थी और यह राशि 28 फरवरी, 2025 को उपकरण खरीद के लिए सीजीएमएससीएल को हस्तांतरित कर दी गई थी। मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण कोष के अंतर्गत 9.81 करोड़ रुपये की लागत वाले उपकरणों की एक अलग सूची भी राज्य नोडल एजेंसी को अनुमोदन के लिए भेजी गई है।

### आरबीआई नागपुर भेजी गई थी बैंकों की ओर से डिमांड

## दिवाली पर इस बार जिले में पहुंचे 5 करोड़ के नए नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिवाली पर इस बार जिले में 5 करोड़ रुपए के नए नोट पहुंचे हैं। बैंकों की ओर से आरबीआई नागपुर से इसकी मांग की गई थी। इसमें सबसे अधिक 20 और 50 के नोटों के आने की बात कही जा रही है।

यहां खास बात है कि 10 के नए नोट तो करीब साल भर से बैंकों में उपलब्ध नहीं हैं इसलिए मांग अधिक है। दिवाली पर सौ और पांच सौ के नोटों की खेप भी पहुंची है, लेकिन उनकी संख्या कम ही है। दूसरी ओर लगातार बढ़ते डिजिटल ट्रांजेक्शन के कारण भी इस साल नए नोट कम आने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही बैंकों द्वारा नई करेंसी की डिमांड करने वाले लोगों को सिक्के भी मुहैया करवाए जाएंगे। नकली सिक्कों की अफवाह को लेकर कुछ समय पहले दुकानदारों ने सिक्के लेना बंद कर दिए थे। कई मामलों में बैंक और पुलिस तक शिकायत पहुंची। बैंकों को सिक्के जारी करने के टारगेट भी दिए गए हैं। दिवाली पर होने वाली लक्ष्मी पूजन के लिए नए नोटों की मांग अधिक रहती है। इस साल यह मांग आरबीआई से की गई। इस बार बैंकों में 20 रुपए के नए नोट अधिक आएं हैं। वजह इसका नया होना और 10 रुपए के नए नोटों की नहीं मिलना भी है। बैंक अधिकारियों के मुताबिक इस बार 5 करोड़ के नए नोट बांटे जाने की तैयारी है और उसी आधार पर आरबीआई से मांग की गई थी। ज्ञात हो कि पिछले सालों तक सबसे अधिक मांग 10 रुपए के नए नोटों की रहती है। इस बार लेकिन 20 रुपए के नोटों की डिमांड अधिक है। करीब 2 करोड़ के 20 रुपए के नए नोट आएं हैं जो त्यौहारों पर बांटे जाएंगे।



### 10-20 की गड्डी की अधिक डिमांड

### नगदी पूजने की परंपरा

दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी के साथ ही सोना-चांदी, घर-जमीन की रजिस्ट्री व नगदी आदि पूजने की परंपरा है। लोग हर साल दीपावली के अवसर पर रुपयों का भी पूजन करते हैं, जिसके लिए कोशिश होती है कि वे नई मुद्रा (कड़क नोट) पूजन मे प्रयुक्त करें। पिछले साल लोगों को बैंकों से नए नोट नहीं मिल पाए थे। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे नोट (10, 20, 50 रुपए) के लिए रही दीपावली से पूर्व नागरिकों ने खुद की बैंक शाखा के साथ ही अन्य कई बैंक शाखाओं में नए नोटों के लिए चक्कर लगाए, मगर परेशानी हुई। आलम यह रहा कि लोग नए नोटों को पाने के लिए बैंक अधिकारियों के पास सिफारिश तक लगवा रहे थे।

### पिछली दिवाली के बाद से नए नोट नहीं आए

दरअसल पिछले दिवाली के बाद से नए नोट बैंकों में आरबीआई से पहुंचे ही नहीं है। इस बारे में बैंकों की ओर से कई बार मांग पत्र भेजे जाने के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। बैठक में इस बार फिर से नए नोटों की मांग की गई। गौरतलब है कि बिलासपुर रीजन में सभी बड़े बैंकों के चेस्ट हैं। इसमें एसबीआई का व्यापार विहार बिलासपुर में, बैंक आफ बड़ौदा का रहंगी में, सेंट्रल बैंक का व्यापार विहार में, इंडियन बैंक का इदगाह चौक में और पंजाब नेशनल बैंक का नैला में चेस्ट आफिस है।



## खबर संक्षेप

### छात्राओं को प्रदान की गई निशुल्क सायकल



**लोरमी।** शासकीय उमा विद्यालय डोंगरिया में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को प्राचार्य सुरेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में निशुल्क सायकल वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समुंद कुंवर जिपं सदस्य रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से छात्राओं ने के हित मे में चलाई जा रही सरस्वती सायकल योजना की सराहना की। शाला विकास समिति अध्यक्ष शंकरलाल खत्री, विशिष्ट अतिथि प्रतिमा श्रीवास, गुरमीत सलूजा, संदीप सोनी, अनुज यादव आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन नरेश राठौर ने किया। इस अवसर पर समन्वयक राजेश राठौर सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शाला स्टाफ ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

### विजया सम्मेलन में जुटे बंगाली समाज के लोग



**पेंड्रा।** दुर्गा पूजा और दीपावली के शुभ अवसर पर जिले के बंगाली समाज ने पटियाला हाउस में भव्य 'विजया सम्मेलन' का आयोजन किया, जिसमें जिले भर से बंगाली समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में बंगाली संस्कृति और परंपराओं की झलक दिखाते हुए मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समाज के युवाओं और बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज के उत्थान और एकजुटता पर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों और पदाधिकारियों ने आने वाले समय में सामाजिक विकास, शिक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम ने न केवल सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया गया, बल्कि समाज की एकता और अपनी परंपराओं के प्रति समर्पण को भी मजबूत किया।

### सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**सरगांव।** नगर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और जनहित के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नगर पंचायत सरगांव में गिरधारी साहू के घर से रतन साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह सड़क 4.5 मीटर चौड़ी एवं लगभग 100 मीटर लंबी होगी, जिसकी कुल लागत 2.97 लाख निर्धारित की गई है। कार्य का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। हमारा लक्ष्य है कि सरगांव नगर की हर गली, हर मोहल्ला विकास की राह पर आगे बढ़े। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, पार्षद महेश साहू, परविंद सिंह खालसा, गिरधारी साहू, खेदु साहू, भोजराज साहू, समेत पदाधिकारी, वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कर्रा में उचित मूल्य दुकान का भूमिपूजन



**सीपत।** ग्राम कर्रा में जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने 13 लाख रुपए की लागत से बनने वाली शासकीय उचित मूल्य की दुकान के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। श्री धीवर ने कहा कि गांव का विकास ही मेरा संकल्प है। जब तक हर गांव की गली में विकास की रोशनी नहीं पहुंचेगी, तब तक मेरी जिम्मेदारी अधूरी है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सरस्वती देवी बिंझवार, अभिलेश यादव, सरपंच जयंती संजय पटेल, लक्ष्मी साहू, उपसरपंच रिंकू शर्मा, विश्वनाथ बिंझवार, टीकाराम श्रीवास, पंच चमेली साहू, रामबाई, शैलेन्द्र साहू, सत्यनारायण बिंझवार, कन्हैया बिंझवार, रामेश्वर धीवर, सचिव राकेश डोंगरे, रोजगार सहायक नीलोत्तम साहू, गायत्री पटेल, रामकुमार बिंझवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अधिकारी-कर्मचारी संघ की बैठक



**करगीरोड कोटा।** नगर पंचायत परिसर में नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी संघ के बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संघ के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों सहित प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं उनकी टीम की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठनात्मक मुद्दों एवं कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष की ओर से कोटा इकाई के लिए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराया गया, जिसमें सर्वसम्मति संतोष कुमार मिश्रा को अध्यक्ष एवं अरुण मानिकपुरी को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

### शराब तस्कर व स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**लोरमी।** थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि मुखबिर की



सूचना पर पुलिस ने ग्राम बघनीभांवर में देकर आरोपी 1 राजीव धुर्वे पिता मथुरा प्रसाद उम्र 36 साल के कब्जे से कुल 6 लीटर महुआ शराब कीमती 600 रुपए जब्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल दाखिल किया गया। इसी तरह पुलिस ने लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी दिपेश कश्यप पिता मनहरण उम्र 23 साल निवासी पैजनिया को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

## रन फॉर स्वदेशी में युवाओं ने दिखाया देशभक्ति का जज़्बा

# जब युवा आगे बढ़ते हैं, तो राष्ट्र प्राप्त करता है नई दिशा: तोखन



जन्मदिवस पर रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचे तोखन साहू।



स्वदेशी रन फार बिलासपुर को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा के सांसद तोखन साहू के 56वें जन्मदिवस पर आयोजित स्वदेशी रन फॉर बिलासपुर कार्यक्रम में शहर के युवा उत्साह के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन फॉर एनर्जी कंजर्वेशन एंड क्लाइमेट चेंज द्वारा जीवन संस्कार सेवा समिति के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर हजारों महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने एक साथ दौड़ लगाकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक संदेश हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सुबह 7 बजे सीएमडी कालेज ग्राउंड से प्रारंभ हुई इस दौड़ ने अग्रसेन चौक, सत्याम चौक, राजेंद्र नगर चौक, नेहरू चौक होते हुए रिवर व्यू रोड तक का मार्ग तय किया।

### जन्मदिवस को बनाया सेवा और संकल्प का दिन

पिता का आशीर्वाद, देवी दर्शन, जनसेवा और जनता से दिन की शुरुआत उन्होंने अपने पिता के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर स्व. माताजी को स्मरण कर नमन करने से की। श्री साहू ने सपरिवार पावन आदिशक्ति महामाया देवी के दर्शन कर देशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। तत्पश्चात उन्होंने महामाया गौसेवा धाम, रतनपुर में जाकर सेवा कार्यों में सहभागिता की और आशीर्वाद प्राप्त किया।। सेवा भारती मातृछाया पहुंचकर बच्चों के बीच समय बिताया, इसके पश्चात दिनभर उन्होंने कोनी, गोबरीपाट, कोटा, सकरी, भरनी और 27 खोली क्षेत्र में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से आत्मीय मुलाकातें कीं, जहाँ सभी ने हर्षोल्लास के साथ उनका जन्मोत्सव मनाया। दिन का समापन उन्होंने बिलासपुर स्थित कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में वरिष्ठजनों से भेंट और आशीर्वाद प्राप्त कर किया, जिसे उन्होंने समाज की सबसे बड़ी पूंजी और अपनी प्रेरणा का स्रोत बताया। अपने जन्मदिवस के अवसर पर तोखन साहू ने यह संदेश दिया कि सेवा ही जीवन का उद्देश्य है; जनता का विश्वास और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है।

इस मौके पर श्री साहू ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा यह आयोजन केवल दौड़ का नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी गर्व का प्रतीक है। जब युवा आगे बढ़ते हैं, तो राष्ट्र नई दिशा प्राप्त करता है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि हम स्वदेशी अपनाएंगे, भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे। पुरुष वर्ग में हेमराज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 31 हजार, राहुल ने द्वितीय स्थान पाकर 21 हजार और नैतिक सोनकर ने तृतीय स्थान पाकर 11हजार का पुरस्कार जीता। महिला वर्ग में हर्षा, सरोज और नीता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 25 पुरुष एवं 25 महिला प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1,100 रुपये की राशि प्रदान की गई। श्री साहू ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि यह पहल स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में युवाओं के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने सभी आयोजकों, सहयोगी संस्थाओं और प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि "स्वदेशी केवल विचार नहीं, यह भारत की आत्मा है। हर कदम पर स्वदेशी को अपनाकर ही हम सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक महापौर पूजा विधानी, मोहित जायसवाल, राजेश सूर्यवंशी संजय दुबे मौजूद थे।

## सकरी में कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्यमंत्री का मनाया जन्मदिन







**सकरी।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का जन्मदिन सकरी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया ।

समर्थकों को संबोधित करते हुए तोखन साहू ने कहा कि आप सभी का प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है मैं आज जो कुछ भी हूं वो आपके विश्वास और मेहनत की बदौलत हूं मैं जीवनभर आपकी सेवा के लिए समर्पित रहूंगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि जब तोखन साहू सरल और सहज व्यक्तित है और जनप्रिय नेता है उनकी सहजता ही उन्हें जनता के और करीब लाती है। भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह ने कहा कि तोखन साहू लोकप्रिय जनसेवक है। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, समाजसेवी सौरभ पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, रामकुमार निर्मलकर, जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, सांसद प्रतिनिधि मनोज साहू, अनिल पप्पू शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बीआर महोबिया, महामंत्री धात्री गुप्ता, तुलसी कौशिक, बलराम पटेल, जनपद सदस्य परमेश्वर पटेल, उपसरपंच बसंत गढ़ेवाल, नितेश राजा मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार साहू, विनोद साहू, अमर गुप्ता ,रंजना कौशिक, प्रशांत गुप्ता, राजेश देवांगन, सतीश सोनकर, मनीष तिवारी ,रानू सिदार, राजेश्वरी पटवा, गौरी साहू, माधुरी साहू, संजय यादव, तिलक सुर्यवंशी ,प्रकाश पाल ,पीला राम कौशिक, रजनीकांत यादव, सूरज मिश्रा ,रमेश सोनी ,जितेंद्र सूर्यवंशी ,प्रभात साहू ,लालजी यादव, नीलकंठ दुबे ,दिनेश शर्मा ,दशरथ पांडेय ,शिव खंडे ,विजय यादव ,अंजू खांडे ,राशिद ख़ान ,टिकेश्वर कौशिक ,नीरू विष्ठ ,सुरेश रात्रे ,रामचंद यादव ,छेदी रात्रे , मनहरण साहू ,शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ,मंगला पांडेय ,लक्ष्मण यादव ,श्यामता कौशिक ,चित्र कांत तंबोली ,अनिल शर्मा,व्यास साहू ,प्रमोद कौशिक ,अखिल साहू ,प्रवीण तिवारी ,आनंद अवस्थी ,सुजल सिन्दे ,प्रेम सिंह धुर्व ,जितेंद्र साहू ,राजा मिश्रा ,वीरेंद्र कौशिक ,गौवर्धन विश्वकर्मा ,नीलकंठ साहू ,ध्वजा राम साहू ,आयुष यादव ,निखिल श्रीवास ,विनय श्रीवास ,तामेश कौशिक ,मंगल साहू ,मुकेश साहू ,परमेश्वर साहू ,संदीप साहू ,जलेश्वर साहू ,परमेश्वर पटेल ,बसंत गढ़ेवाल ,शिप्रा सामुवेल,कृष्णा कुमार साहू ,अरुण सिंह ठाकुर ,मालती यादव ,लता कश्यप ,श्यामा रामानंदी ,राज कुमार साहू ,राकेश तिवारी,बलराम पटेल ,दीपक रजक ,रोहित साहू ,जया प्रसाद साहू आदि मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि मनोज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तोखन को दी बधाई

सांसद प्रतिनिधि सकरी मनोज साहू के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के जन्मदिवस पर रात्रि 12 बजे ही अपने समर्थकों के साथ उनके निवास पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर मुकेश साहू, जलेश्वर साहू, जनपद,गया प्रसाद साहू, सरपंच ,टिकेश साहू, सरपंच संदीप साहू, सरपंच परमेश्वर साहू सरपंच, संतोष साहू सरपंच ,मूंजन साहू, जगत राम साहू, रोहित साहू, राजकुमार साहू, उमाशंकर साहू, सुनील साहू सरपंच, योगेन्द्र साहू सरपंच, दुर्गा साहू जनपद, विनोद साहू जिला पंचायत सदस्य, राजेंद्र साहू बूटेना, रामकुमार निर्मलकर, गोपाल यादव ,वीरेंद्र कौशिक लक्ष्मीन साहू, गौरी साहू, रानू सिदार, राजेश्वरी पटवा, धात्री गुप्ता, नीरू विष्ट, माधुरी साहू, मालती यादव, उदय राम साहू, श्याम लाल साहू, पीला राम कौशिक, टिकेश्वर कौशिक, मनहरण साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री को सौरभ पाण्डेय के नेतृत्व में दी गई शुभकामनाएं

केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू को बधाई देते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, मुकेश सिंह, अमित सिन्हा, समाजसेवी सौरभ पाण्डेय, हरिमोहन द्विवेदी, निखिल साहू, राहुल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित थे।

## समर्थकों ने दी शुभकामनाएं

**बिलासपुर।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने निषाद पार्टी के तरफ से नरेंद्र मोदी सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर के सांसद तोखन साहू को आवास पर जाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के जन्मदिन पर केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई देते भाजपा नेता रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी एवं समस्त मित्र।

### जपं अध्यक्ष माधवी के नेतृत्व में स्वागत



**तखतपुर।** ग्राम भरनी में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जनपद पंचायत कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत तखतपुर अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने की। इस अवसर पर सभी जनपद सदस्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण एवं पुष्पांजलि से की गई। इसके बाद विशाल केक काटकर मंत्री तोखन साहू जी को दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने श्री साहू के विकास कार्यों एवं जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें क्षेत्र का गौरव बताया। इस अवसर पर जनपद सदस्यों ने कहा कि श्री साहू के नेतृत्व में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और जनकल्याण की योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तोखन का जन्मदिन



**तखतपुर।** केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू का जन्मदिन क्षेत्र में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने उन्हें बधाइयां दी। इसी क्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं जिला प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ दिनेश राजपूत गुरुजी ने श्री साहू से भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि, सादगी और सरलता तोखन साहू जी की पहचान है। पंच से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मंत्रिमंडल तक का उनका सफर सभी के लिए प्रेरणादायक है। जन्मदिन के अवसर पर तोखन साहू ने सभी क्षेत्रवासियों के स्नेह को आशीर्वाद के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि, मैं क्षेत्रवासियों के इस प्रेम और सम्मान से अभिभूत हूं। आपके सहयोग और विश्वास से ही जनसेवा का यह कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है।



## खबर संक्षेप

### न्यौता भोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**लोरमी।** शासकीय प्राशा बघनीभांवर में नवोदय एवं एकलव्य विद्यालय के लिए चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम एवं न्यौता भोज का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य सुरेश शुक्ला, पूर्व प्राचार्य रमाशंकर यादव एवं समन्वयक राजेश चक्रधारी ने सभी बच्चों को टिफिन व पेन भेंट किया, साथ ही सभी शिक्षकों को पेन भेंट किए गए। शिक्षक रामायण सिंह राजपूत ने नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चों को एक-एक हजार रुपए व सभी एकलव्य में चयनित बच्चों को बैग प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। देव सिंह राजपूत एवं प्रधान पाठक काशी राम डडसेना ने सभी बच्चों को कम्पास बॉक्स भेंट स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के अतिथि संकुल श्रोत समनव्यक डीसी डाहीरे व एबीईओ सुनील शर्मा ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि, बच्चों ने कड़ी मेहनत के बल पर इस मुकाम को हासिल किया है। इसमें शाला परिवार की अहम भूमिका है। इस मौके पर शाला परिवार की ओर से न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य आरएस यादव, प्रधान पाठक कृष्णा सोनी, रमेश साहू, मनीराम पात्रे, शिक्षक रामायण सिंह राजपूत, देव सिंह राजपूत, सरपंच चंद्रमणि साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में दिव्यांश ने हासिल किया गोल्ड

**लोरमी।** स्कूल निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत तत्काल निबंध लेखन में दिव्यांश डड़सेना को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। टाटा बिल्डिंग इंडिया की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में दिव्यांश ने गोल्ड मेडल हासिल किया।



प्रतियोगिता में आत्मनिर्भर भारत के परिप्रेक्ष्य में तत्काल निबंध लिखने दिया गया, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा नवमीं से लेकर 12वीं के सभी बच्चों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा दसवीं के दिव्यांश डड़सेना को गोल्ड मेडल मिला। वहीं द्वितीय पुरस्कार दीपक जायसवाल कक्षा 12वीं एवं तृतीय पुरस्कार अदिति साहू कक्षा 12वीं को प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि, इससे पहले भी दिव्यांश डड़सेना ने सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा आयोजित तत्काल काव्य लेखन प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर प्रथम एवं प्रांत स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर चुके हैं। इस उपलब्धि के लिए शाला परिवार ने दिव्यांश को बधाई दी।

### बकायादार नपा की कार्रवाई 56 हजार की वसूली

**लोरमी।** नगरपालिका की ओर से बकायादार नल कनेक्शनधारियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



जलशाखा प्रभारी कमलाकांत कश्यप के नेतृत्व में बुधवार को नगरपालिका की टीम 16 बड़े बकायादारों के घर कार्रवाई के लिए पहुंची। इस दौरान 10 लोगों ने मौके पर ही बकाया राशि जमा की, जबकि शेष 6 लोगों का नल कनेक्शन काटा गया। इस कार्रवाई में बकायादारों से कुल 56 हजार की वसूली की गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन शर्मा ने नल कनेक्शनधारियों से नल कर की राशि समय पर जमा करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अवैध नल कनेक्शनधारियों को अपना कनेक्शन नियमानुसार वैध कराने की अपील की है। नगरपालिका सीएमओ चन्दन शर्मा ने कहा कि, अवैध नल कनेक्शनधारियों का सर्वे कराया जा रहा है, अगले चरण में इन पर कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों की मांग पर मनियारी जलाशय से छोड़ा गया पानी



**लोरमी।** जनदर्शन में मनियारी जलाशय खुडिया बांध से सिंचाई के लिए डी 3 नहर में पानी छोड़ने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंचाई विभाग कार्यपालन अभियंता हेमेंद्र देव सिंह को निर्देश दिए गए, जिस पर सिंचाई विभाग के अधिकारी ने तुरंत पानी छोड़ने की बात कही। विदित हो कि, सिंचाई विभाग ने बांध को लगभग 10 दिनों से बंद किया था, लेकिन ग्रमीणों की मांग पर फिर से पानी छोड़ा गया। ज्ञापन सौंपने वालो में ग्राम पंचायत जोतपुर सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक कोशले, तारन दास कोशले उपसरपंच, भुनेश्वर रावल पंच, अश्वा राम अनंत, हेमंत खांडेकर युवा नेता पोरेंद्रपाल डहरिया, पूर्व पंच छन्नूलाल रात्रे, प्रहलाद साहू उपस्थित रहे।

### विजयादशमी उत्सव पर आरएसएस के स्वयंसेवक हुए शामिल

# पथसंचलन राष्ट्रभाव और अनुशासन की मिसाल



**सीपत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर पर खम्हरिया मंडल में प्रथम बार घोष दल के साथ भव्य पथ संचलन आयोजित किया गया। यह ऐतिहासिक संचलन गायत्री मंदिर खम्हरिया से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, आवास पारा, बस्ती होते हुए बाजार पारा हाई स्कूल तक निकाला गया।

घोष की गूंज और स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियों ने पूरे नगर को संघमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रांत मिलन मंडली प्रमुख गणपति रॉयल ने कहा कि शक्तिशाली ही विजय प्राप्त करता है, दो बलवान कभी नहीं लड़ते , जैसे शेर की शक्ति से ही जंगल में शांति बनी रहती है। इसी प्रकार समाज में शांति के लिए संगठन और शक्ति आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिव अग्रवाल, मंडल कार्यवाह विजय सिंह ठाकुर, उनी बिटकुला मंडल कार्यपालक पवन सिंह ठाकुर, मस्तूरी खंड प्रमुख देवेंद्र सिंह क्षत्रिय, खंड सह कार्यवाह नीरज सिंह क्षत्रिय, उप खंड कार्यवाह राजेश केंवट, एवं मुख्य शिक्षक सुखनंदन सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन देवेश शर्मा द्वारा किया गया। संघ के शताब्दी वर्ष के इस विशेष अवसर पर आयोजित पथ संचलन ने खम्हरिया मंडल में नई ऊर्जा और एकता का संदेश दिया। यह आयोजन संघ की संगठनात्मक शक्ति, संस्कार और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक बन गया।

### पुष्प वर्षा कर संघ के पथ संचलन का अभिवादन



**पथरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पथरिया खंड केंद्र में बुधवार को विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक नारायण नामदेव मौजूद रहे। उन्होंने आरएसएस के 100 वर्षों की यात्रा पर स्वयंसेवकों संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन के विषय सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पथरिया खंड संघ चालक मनीष मिश्रा, बिलासपुर विभाग सह कार्यवाह राजकुमार कश्यप, बिलासपुर विभाग सह बौद्धिक प्रमुख रामावतार साहू, मुंगेली जिला कार्यवाह हजारी साहू, जिला प्रचारक मोहन साहू सहित 173 स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पथ संचलन नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वगत किया गया। नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने नपं भवन के सामने पथ संचलन कर रहे स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया। जिला भजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, संजय राजपूत, पूर्व नपं अध्यक्ष जसपाल छबड़ा, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, इंद्रजीत यादव, रामबघेल, ओमू दिवान पथ संचलन में शामिल रहे।

### महारास लीला में श्रीराधा-कृष्ण विवाह का वर्णन



**तखतपुर।** नर्मदा धाम बेलपान में महारास लीला का संचालन करते हुए व्यास हरिचरण दास वैष्णव ने गाय चरावन एवं श्रीराधा-कृष्ण विवाह की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इस अवसर पर संत बिहारी साहू, अनंताचार्य, सुदर्शनगिरि, तेजेश्वर पाण्डेय, पिल्लूराम साहू, आचार्य पं छेदीधर दीवान, मुख्य यजमान भुनेश्वर साहू, त्रिवेनी साहू, गनेशिया गौकरण साहू, कुंजबिहारी ध्रुव, सरपंच गरीबा यादव, संदीप सक्सेना, कृष्ण कुमार साहू, नवीन तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, किशोर कुमार निर्मलकर, राजू सिंह क्षत्रीय, विरेन्द्र कश्यप, गोपाल साहू, किशुन राम मेहर, रिपूसदन साहू, घनश्याम मानिकपूरी, वासुदेव पटेल, भगेला यादव, रामरतन साहू, संजय देवांगन, ईश्वर पटेल, भंवरसिंह ध्रुव, रामफल श्रीवास, राजेन्द्र जगत, मस्तूराम बिसाहू, राम कश्यप, अंकुर सक्सेना, लालाराम साहू, स्वास्थ जगत, संतराम साहू, रामकुमार साहू, महेत्तर साहू आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 25 कलाकार अपनी प्रस्तुतियों दे रहे हैं।

## जांच के लिए रायपुर भेजे गए मिठाइयों के नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव



दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जिला मुंगेली में अभिहित अधिकारी देवेंद्र विंध्यराज के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल ने सरगांव एवं लोरमी के होटल एवं दुकानों से विभिन्न मिठाइयों के कुल 8 नमूने एकत्र कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा।

इस दौरान सभी खाद्य व्यवसायियों को जांच के दौरान दीपावली त्यौहार में खाद्य पदार्थ में किसी भी प्रकार का मिलावट नहीं करने, खाद्य परिसर को स्वच्छ रखने, एक्सपायरी खाद्य सामग्रियों का विक्रय नहीं करने, अखबारी एवं इंक लगे कागज का उपयोग खाद्य पदार्थ को परोसने के लिए नहीं करने एवं अच्छे गुणवत्ता वाले खाद्य तेल का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार खाद्य पदार्थ में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें 5 लाख तक का जुर्माना एवं कारावास से दंड का प्रावधान है।

### युवती के साथ युवक ने की गाली-गलौज, मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** बहन के साथ बाजार आई युवती के साथ एक युवक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरेला निवासी नोमिन ध्रुवंशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह अपनी बड़ी बहन रमशीला ध्रुवंशी के साथ तखतपुर के सदर बाजार खरीददारी खरीदने आई थी। इसी दौरान दोपहर लगभग 1 बजे उसकी बहन का परिचित प्रहलाद धुरी वहां आया और उसकी बहन रमशीला को अपने साथ चलने को कहा। साथ नहीं जाने पर आरोपी युवक ने दोनों बहनों के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ व मुक्के से मारपीट कर दी। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया।

### माजदा की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल, हालत गंभीर

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए माजदा चालक ने दुपहिया सवार दंपति को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ठाकुरकापा निवासी पहलाद कश्यप ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसका बड़ा भाई घनश्याम कश्यप अपनी पत्नी नंदनी बाई के साथ दुपहिया सीजी 10 ईपी 8370 से ठाकुरकापा से पुरा की ओर जा रहा था। वह धवैहा नहर के पहुंचा था, तभी तखतपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्वराज माजदा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी दुपहिया को टक्कर मार दी, जिसमें पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने माजदा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया।

## सड़क पर सावधानी ही जीवन की सुरक्षाः करियारे



**सीपत।** वैदिक महाविद्यालय की रासेयो इकाई एवं सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों से लेकर ग्रामीणों तक ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और दूसरों की जान बचाने के लिए 70 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में स्वास्थ्य जांच, यातायात एवं साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, सीपत-बेलतरा इकाई श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष हरीश गुप्ता, लक्ष्मी साहू, यातायात एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, ट्रैफिक मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडेय, टीआई गोपाल सतपथी, साइबर एक्सपर्ट सतीश भारद्वाज, राघवेंद्र साहू, शत्रुघ्न धृतलहरे, एवं शैलू श्रीवास सहित उपस्थित रहे। यातायात एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने कहा कि यातायात की सावधानियां जीवन से जुड़ी होती हैं। सावधानी ही जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपाय है। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण गौतम, नेत्र विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक और श्री श्याम मल्टीस्पेशलिटी एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता, सामाजिक संस्था के अर्जुन वस्त्रकार ने तथा आभार प्रदर्शन अजय यादव द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संस्था सचिव अशोक श्रीवास, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रामेश्वर साहू, एवं कॉलेज के सभी प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा।




गीतों की प्रस्तुति देते कलाकार।

## एक शाम किशोर के नामः गायकों ने दी मधुर गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जीपीएम जिले में पहली बार जिला कला एवं संरक्षण मंच की ओर से प्रसिद्ध गायक स्व किशोर कुमार की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर 13 अक्टूबर को असेंबली हॉल पेंड्रा में 'एक शाम किशोर के नाम' स्वर संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले की प्रतिभाओं को अपनी गायकी प्रस्तुत करने का मंच मिला।

■ जिले के गीत संगीत प्रेमियों में दिखा जबरजस्त उत्साह

कार्यक्रम को लेकर जिले के गीत संगीत प्रेमियों में जबरजस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने कहा कि, इस तरह के आयोजन न केवल महान कलाकारों को श्रद्धांजलि हैं, बल्कि नई पीढ़ी को संगीत के प्रति संवेदनशील और प्रेरित करने का माध्यम भी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसी पहल जिले में कला और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। रजनीश पांडे और उनकी बेटी तनिष्का ने 'हाल कैसा है जनाब का' गाने को साथ में गाया और अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। साथ ही डॉ योगेश तिवारी, डॉ देवेंद्र पैकरा, विनय सूर्यवानी, प्रशांत कुशवाह, निर्माण जायसवाल, मीनाक्षी केशरवानी, पीयूष गुप्ता, अवनीश पांडे, रमेश जयसवाल, संजय राजपूत, सतीश सोनी, अमित शर्मा, उपेन्द्र बहादुर, शारदा चरण पसारी, सत्य नारायण जायसवाल, अजीत दुबे, रजनीश और तनिष्का, मदन सोनी, नीरज जैन, संजय विश्वकर्मा, आशुतोष तिवारी, कमल नयन मिश्रा, शैल गुप्ता ने भी मधुर गीतों की प्रस्तुति से शमा बांधा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि मौजूद जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, एडिशनल एसपी ओम चंदेल, प्रभारी एडिशनल कलेक्टर अमित बेक, एसडीओपी निकिता तिवारी मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ देवेंद्र पैकरा, जिला परियोजना अधिकारी अमित सिंहा ने भी मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। इस सफल आयोजन में जिला कला एवं संरक्षण मंच के अध्यक्ष निर्माण जायसवाल, सचिव अजीत दुबे, कोषाध्यक्ष पीयूष गुप्ता, सदस्य राकेश चतुर्वेदी, डॉ योगेश तिवारी, डॉ देवेंद्र पैकरा, राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, सत्य नारायण जायसवाल, श्रीकांत चतुर्वेदी, विनय सूर्यवानी, नीरज जैन, प्रशांत कुशवाहा, मीनाक्षी केशरवानी, अवनीश पांडे, अंबिका शर्मा, अमित शर्मा, शारदा चरण पसारी, मदन सोनी, मदन पांडे, आदित्य पांडे, संतोष साहू, दीपक कश्यप, संजय विश्वकर्मा, बंटी अग्रवाल आदि का योगदान रहा।




## निधन

### रामखिलावन यादव



**बिलासपुर।** तोरवा निवासी, सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी रामखिलावन यादव का 14 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेंद्र, नंदकुमार, महेंद्र, मनोज के पिता एवं रामफल, प्रेमलाल, स्व. हरिशंकर, देवनारायण यादव के भाई थे।

### एसके नायक



**बिलासपुर।** गली नंबर 2 जीनत विहार फेस 2 निवासी एसके नायक का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ओडिशा स्थित उनके गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### मोहनमती गेन्दले



**बिलासपुर।** ग्राम कोसमडीह निवासी मोहनमती गेन्दले का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 अक्टूबर कोसमडीह मस्तूरी में किया जाएगा। वे शांतिलाल की पत्नी एवं विजय, विजयलक्ष्मी, इंदिरा, मंजू, गीतू की मां थी।

### श्यामा देवी कौशिक



**सकरी।** सक्तिपारा घुटकू निवासी श्यामा देवी कौशिक का 14 अक्टूबर को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेंद्र, सुशील पूर्व जनपद सदस्य, राजकुमारी सरोज, कृतिका कौशिक की मां एवं कांग्रेस नेता शिवबालक कौशिक की बुआ थीं।

### महमूदा बेगम



**बिलासपुर।** सीएमडी कॉलेज के पास बशीर अहमद कॉम्पेलक्स के पीछे लिंक रोड निवासी महमूदा बेगम का इंतकाल हो गया है। जिन्हें बाद नमाज़ मगरीब लिंक रोड मस्ज़दि के पास से कब्रस्तान ले जाया जाएगा। नमाज़े जनाज़ा कब्रस्तान में अदा की जाएगी। वे शौकत अली की अहलिया, अरशद अली, जाफ़र अली, हसन अली की वालिदा थीं।

## पिछले कई वर्षों से सक्रिय था गिरोह, जांच जारी

# 6 अंतर्राज्यीय गौ तस्कर गिरफ्तार, 13 मवेशी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मरवाही पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मरवाही थाना क्षेत्र के ग्राम बहरीझोरकी नाका के जंगल में गौसेवकों और ग्रामीणों की मदद से घेराबंदी कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 13 मवेशियों को सुरक्षित बरामद किया गया। 14 अक्टूबर को गौसेवकों से सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम मटियाडांड से अवैध रूप से मवेशी लेकर कुछ तस्कर बहरीझोरकी नाका की ओर जा रहे हैं। सूचना पर एसडीओपी मरवाही दीपक मिश्रा के सुपरविजन में थाना प्रभारी निरीक्षक सनीप रात्रे और चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अजय वारे के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने ग्रामीणों और गौसेवकों के सहयोग से जंगल मार्ग पर घेराबंदी कर 6 आरोपियों को धर दबोचा।

आरोपी मवेशियों को अवैध रूप से राज्य मध्यप्रदेश के बरघाट-लपटा-गढ़ही मार्ग की ओर ले जा रहे थे, जहां से उन्हें बूचड़खानों तक भेजे जाने की तैयारी थी। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि, वे यह कार्य पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। आरोपियों से मौके पर 13 मवेशी, 5 रस्सी एवं 5 लाठी बरामद की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना मरवाही में धारा 4, 6, 10 छग कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम 1960, तथा धारा 61(2), 112 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।मुख्य आरोपी अर्जुन सिंह राठौर लंबे समय से अंतर्राज्यीय स्तर पर गौवंश तस्करी में सक्रिय पाया गया है, जिसकी गिरफ्तारी से तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। प्रकरण में एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन करते हुए आगे और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।



### गिरफ्तार आरोपी

1. अर्जुन सिंह राठौर पिता जगन्नाथ सिंह राठौर 36 वर्ष निवासी खालबहरा अनूपपुर मप्र 2. अशोक कुमार राठौर पिता संतोष कुमार राठौर 30 वर्ष निवासी खालबहरा अनूपपुर मप्र 3. जयप्रकाश सिंह मरावी पिता ललन सिंह मरावी 22 वर्ष खालबहरा अनूपपुर मप्र 4. लवकुश मरावी पिता पूरन सिंह 19 वर्ष खालबहरा अनूपपुर मप्र 5. सजन सिंह पंडो पिता दूजाराम पंडो 20 वर्ष बरेहाडांड सूरजपुर छग 6. गुलाब सिंह नायक पिता संताराम नायक 29 वर्ष मटियाडांड जीपीएम छग।

> मरवाही पुलिस सीमावर्ती क्षेत्रों में पशु तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रखेगी। समाज की भावनाओं को आहत करने वाले ऐसे अपराधों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है।
>
> **- सुरजन राम भगत**
> एसपी जीपीएम

## जंगल में महिला की जली लाश मिलने से सनसनी, जांच जारी



**रतनपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाठ बाबा मंदिर के नीचे खुटाघाट के जंगल व झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का जली हुई अवस्था में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों, एफएसएल टीम व डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया।
रतनपुर थाना के एएसआई नरेश गर्ग थाना स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे एवं थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत एवं एडिशनल एसपी की उपस्थिति में घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि, महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष के आसपास है। शव लगभग 90 प्रतिशत जला हुआ था। महिला का दाहिना पैर नीले रंग की छिद्रदार साड़ी से झाड़ियों में बंधा हुआ था, जबकि उसका कत्थई रंग का साया भी पास की झाड़ियों में बंधा मिला। सिर, धड़ से कुछ दूरी पर पड़ा था। शव की हालत देखकर उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किया। शव का पंचनामा करावा कर मुर्च्युरी में सुरक्षित रखा गया।



## 230 बच्चों ने पत्र लेखन प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

डाक विभाग की ओर से ढाई आखर इंडिया पोस्ट माई रोल मॉडल 2025-26 इंडिया पोस्ट राष्ट्रीय स्तर पर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंगलवार को ग्राम लोहरसी के शासकीय उमा विद्यालय में बीपीएम पंकज सिंह कोशले, एबीपी ओमप्रकाश मधुकर के सहयोग से प्रतियोगता का लेखन कार्य संपन्न हुआ।

इसमें विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 230 बच्चों ने भाग लिया। यह एक वार्षिक अभियान है, जिसमें आम नागरिक व स्कूली विद्यार्थी अपने आदर्श को हस्त लिखित पत्र लिख सकते हैं। प्रतियोगिता में पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियों का मूल्यांकन सर्कल और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर किया जाता है। यह अभियान पारंपरिक पत्र लेखन की कला को प्रोत्साहित करता है, और युवा पीढ़ी से जुड़ने का लक्ष्य रखता है, जिसकी समय सीमा 8 दिसंबर तक रखी गई है। इस दौरान विभिन्न स्कूलों में यह प्रतियोगिता रखी जाएगी। प्रतियोगिता के बारे में विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, इसमें 18 वर्ष तक और 18 से अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए श्रेणियां हैं। इसमें 5 सौ शब्द तक अंग्रेजी, हिंदी या गुजराती में पत्र लिखे जे सकते हैं। विजेताओं के नकद पुरस्कार सर्कल और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर प्रदान किए जाएंगे। यह अभियान छत्तीसगढ़ पोस्टल सर्कल के सीपीएमसी सुवेंदु स्वाइन, डीपीएस दिनेश मिस्त्री, एसपी, अधीक्षक, मेल ओवरसियार, एसपीएम के मार्गदर्शन में हो रहा है।

## धरमलाल ने 65 लाख से अधिक के कार्यों का किया भूमिपूजन

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बिल्हा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुआं और बुंदेला में लगभग 65.55 लाख रुपए से अधिक का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

इस मौके पर श्री कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा का सर्वप्रथम कार्य जनता के सभी मुलभुत सुविधाओं को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसानों के साथ ही प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। साय सरकार का का संकल्प विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। जिसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में गांव गांव का विकास आवश्यक है। देश हो या प्रदेश या गांव हो जहां भाजपा रहेगी विकास कि गंगा बहते रहेगी। विधानसभा बिल्हा के प्रत्येक क्षेत्र में विकास का कार्य निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में क्षेत्र के विकास के लिए राशि की कमी नहीं।इस अवसर पर बिल्हा जनपद पंचायत के अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक, जिला उपाध्यक्ष पेंगन वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश पांडेय, बरतोरी मंडल के अध्यक्ष इंद्रत क्षत्रिय, बोदरी मंडल के अध्यक्ष लव वास, ग्राम पंचायत बुंदेला के सरपंच माधुरी तुलाराम डहरिया, उपसरपंच मती मंदाकिनी सुकदेव कौशिक, बरतोरी मंडल महामंत्री देवानंद कौशिक, वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव कुमार लहरे, वरिष्ठ कार्यकर्ता नेहरू कौशिक, चितगोविंद कौशिक, चुन्नीलाल कौशिक, राजेश कौशिक, बृजनंदन कौशिक, राहुल कौशिक उपस्थित थे।



## गौरेला पुलिस ने शुरू की वार्ड परिक्रमा

**गौरेला।** गौरेला पुलिस ने नगर में वार्ड परिक्रमा कार्यक्रम की शुरुआत की। वार्ड क्रमांक 4 में मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे, अध्यक्ष नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, एसडीओपी श्याम सिदार एवं पार्षद निलेश साहू की उपस्थिति में वार्ड परिक्रमा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। गौरेला थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्य वक्ता ओम चंदेल ने इस कार्यक्रम को प्रारंभ करने की मंशा के अनुरूप अपराध की रोकथाम, साइबर अपराध, बढ़ते नशे के अपराध एवं वार्डो की समस्याओं को जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने जागरूकता के संबंध में विभिन्न जानकारी विस्तार से दी। नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि, गौरेला पुलिस ने एक अच्छी पहल प्रारंभ की है। इससे नगर में पुलिस के प्रति विश्वास का भाव उत्पन्न होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक द्वारिका सोनी, रजनीश टाह, शंकर साहू, ऋषि मिश्र, संतोष नामदेव, रोहित शर्मा, शिव कुमार साहू, राकेश राजपूत, अमित सोनी, अब्दुल रशीद, मो इदरीश, आबिद हुसैन, कमल वर्मा, कमाल खान, आयशा बेगम, सुमन श्रीवास्तव, माधुरी पाण्डेय, मनोज गुप्ता, बबलू राव, मनोज यादव, रिजवान मंसूरी, हिमांशु साहू सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व वार्डवासी उपस्थित रहे।





हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025



# जिला पंचायत सामान्य सभा में छाया अवैध उत्खनन, परिवहन व खराब सड़क का मुद्दा

**बिलासपुर।** जिला पंचायत में बुधवार को सामान्य सभा में रेत, मुरुम के अवैध उत्खनन, परिवहन का मुद्दा छाया रहा। इसके साथ ही सदस्यों ने जिले में खराब सड़कों को लेकर भी बैठक में खूब हल्ला मचाया। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को खराब सड़कों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने और अवैध उत्खनन, परिवहन के मामले में खनिज विभाग को कार्रवाई करने कहा गया है।

- **अवैध उत्खनन मामले में कार्रवाई की मांग**

जिला पंचायत की सामान्य सभा में आज लोक निर्माण विभाग एवं खनिज विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान खस्ताहाल सड़क और अवैध उत्खनन, परिवहन को लेकर सदस्यों ने काफी हल्ला मचाया। सदस्यों ने कोनी, सेंदरी में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन का मामला उठाया गया। इसी तरह तखतपुर के खजुरी-नवागांव, तेलसरा, चकरभाठा एयरपोर्ट के आसपास मुरूम के अवैध उत्खनन, परिवहन का मुद्दा भी उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि सेंदरी में अवैध उत्खनन के गढ्ढे से के चलते जहां पर तीन बच्चों की पूर्व में मौत हुई थी, वहां पर रेत का अवैध उत्खनन बंद नहीं हुआ है। सामान्य सभा में खनिज विभाग को अवैध उत्खनन, परिवहन के मामले में कार्रवाई करने कहा गया है। इसी तरह बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के खराड़ सड़कों को लेकर भी सदस्यों ने नाराजगी जाहिर। इंदिरा सेतु से नेहरू चौक के बीच खराब सड़क, कर्मा-बेलतरा की सड़क, पचपेड़ी-लोहर्सी, मल्हार-चिल्हाटी सहित खराब सड़कों की जानकारी बैठक में दी। इस पर पीडब्लूडी के अधिकारियों द्वारा सड़कों के मरम्मत कार्य शुरू होने और बारिश थमते ही डामरीकरण कार्य होने तथा कुछ सड़कों का टेंडर होने और कुछ का इस्टीमेट शासन को भेजे जाने की जानकारी दी। सदस्यों ने खराब सड़कों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने कहा है। बैठक में जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में एनीकट, नहर निर्माण की जानकारी दी गई। इसी तरह सहकारिता विभाग द्वारा धान खरीदी के संबंध में ब्यौरा देते हुए समुचित व्यवस्था करने तथा धान को नुकसान न हो इसके लिए चबूतरे की मांग किया गया है। इसी तरह समाज कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई।



### नवगठित पंचायतों में भवन नहीं

नवगठित ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन नहीं होने और जर्जर पुराने भवनों में पंचायत कार्यालय लगने की बात भी बैठक में सामने आई। इस पर जर्जर पुराने भवनों की जगह पर नए पंचायत भवन बनवाने की मांग उठी है। सामान्य की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी की अध्यक्षता और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ और बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता संतोष कश्यप, श्रीमती अनुसूईया कश्यप, भारती माली, अम्बिका विनोद साहू, अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या, निरंजन सिंह पैकरा, श्रीमती अनिता राजेन्द्र शुक्ला, शिवेन्द्र प्रताप कौशिक, राजेन्द्र धीवर, दामोदार कांत, राधा खिलावन पटेल, श्रीमती रजनी पिन्टू मरकाम, जयकुमारी प्रभु जगत, समृति त्रिलोक श्रीवास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजौर विकासखंड बिल्हा में सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वी में अध्यनरत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में कुल 16 एससी-एसटी के बालिकाओं को साइकिल प्रदान किया गया मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि शासन के महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को साइकिल वितरण पूरे प्रदेश में किया जा रहा है जिससे बालिकाओं के समय की बचत होती है एवं आने जाने में सुविधा होती है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, वार्ड पार्षद सुनील सोनकर, जिला पंचायत सभा प्रतिनिधि जोगेंद्र कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चित्रेश परिहार, सांसद प्रतिनिधि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति रमेश गुप्ता विधायक प्रतिनिधि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य ज्योति साहू डॉक्टर संजय सहित अन्य शाला के शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

### देश के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगी शिक्षा नीति



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन कालकर कुंज में नगर संघ चालक प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रमुख मार्गदर्शक वक्ता गणेश विभाग प्रचारक एवं प्रमुख वक्ता नारायण नामदेव सह प्रांत प्रचारक रहे। डा.अशोक कुमार गुप्ता उप प्रांताध्यक्ष छग शिक्षक संघ के नेतृत्व में जिले एवं संभाग के शिक्षक संघ के पदाधिकारियों, सदस्यो की उपस्थिति रही। सह प्रांत प्रचारक ने कहा कि देश के उत्थान में यह शिक्षा नीति मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षा तथा शिक्षकों की समस्याओं पर भी विचार व सुझाव दिए। श्री गणेश ने भी शिक्षा पर अच्छे विचार रखे। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष तरुण राठौर, कोरबा जिला उपाध्यक्ष राम दुलारे श्रीवास, राजेन्द्र श्रीवास जिला अध्यक्ष बिलासपुर, शिव श्रीवास, रोहित भांगे, अनिल गौरहा, अश्वनी कुमार शर्मा, मनीषा गुप्ता, डा. मोहन पटेल, शिव शंकर नामदेव, नॉर्वे लता एक्का, पीआर साहू, भूपेंद्र शर्मा, यूवी वारे, ईश्वर शर्मा, सूर्यकांत शर्मा, रमेश तिवारी, सुरेन्द्र दुबे, विनोद कुमार शर्मा, ईश्वर तिवारी, संतोष कुमार तिवारी, गौतम साहू, रामेश्वर राठौर, अशोक कुमार तिवारी,कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार शर्मा नगर अध्यक्ष बिलासपुर ने किया। उक्ताशय की जानकारी छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला बिलासपुर के सचिव संतोष कुमार तिवारी ने दी।

## एवीएम के विद्यार्थी पंख फैलाए आसमान में उड़ने को हैं तैयारः अटल



**बिलासपुर।** बुधवार को एवीएम सैनिक स्कूल में आयोजित कलाम विदन मी कार्यक्रम दूसरा व समापन दिवस था। भारत के मिसाइल मैन के नाम से मशहूर वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का दूसरा दिन व समापन समारोह का भी पूर्णतः सफल व उत्साह वर्धक रहा।

इस वर्ष 14 और 15 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम में कृष्णा पब्लिक स्कूल, ब्रिलियेंट पब्लिक स्कूल, नारायना ई-टेक्नो स्कूल, मॉर्डन एजुकेशनल एकेडमी, बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, अचीवर्स पब्लिक स्कूल, प्रयास आवासीय विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल एवं कर्नल्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में सम्मिलित होकर अपनी प्रतिभा व क्षमता का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि सुतापा सरकार एवं अरुणा राणा, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती शुभदा जोगेलेकर मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि इस विद्यालय एवीएम की नींव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए रखी गई थी। एवीएम के विद्यार्थी पंख फैलाए आसमान में उड़ने को तैयार हैं। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के अंतिम निर्णायक अतिथि काजल थरमानी एवं तूलिका वाजपेई मॉम एंड मी, श्रीमती अपेक्षा शर्मा एवं अनिमेष माँझी स्वर तरंग, श्रीमती ज्योति वर्मा, विकास राज पोपट एवं एनीरोज डिबेट, निकिता मुरे एवं रुपेश सर ताल तरंग, श्रीमती मैत्री एवं ज्योति गुप्ता टैलेंट शो, श्रीमती प्रीति अग्रवाल एवं नेहा पेंट यर ड्रीम्स, रॉबिन पुष्प एवं पाधि टीचिंग मेथेडोलॉजी रहें। इस दौरान सभी स्पर्धाओं में हिस्सा लेकर शानदार प्रस्तुति करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों, एडमिन ग्रुप और सपोर्टिंग स्टाफ को दीपावली कि शुभकामनाएँ देते हुए सम्मानित किया।

**एजुकेशन प्लस**

### जोनल स्टेशन में लगी ऑटोमैटिक सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन



**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जोनल रेलवे स्टेशन में एक नई पहल की है। प्लेटफार्म संख्या 1 पर महिला प्रतीक्षालय के सामने ऑटोमैटिक सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाई गई है, जिसका एक महिला यात्री के कर कमलों से विधिवत शुभारंभ कराया गया है। इसमें मुख्य रूप से ऑटोमैटिक मशीन द्वारा मात्र कुछ रुपए में तत्काल सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध हो जाएगी, क्यू आर कोड से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे केवल यात्रा का साधन नहीं बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान का संरक्षक है। बिलासपुर मंडल सदैव महिलाओं के लिए सुविधाओं के उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से बिलासपुर स्टेशन पर यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को एक बेहतर, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।

### साइंस कालेज में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन




**बिलासपुर।** बुधवार को शासकीय साइंस पीजी कॉलेज में दोपहर 2 बजे उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन संपन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ.के पी तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के संभागीय संयोजक डॉ. सुशील श्रीवास्तव ने युवाओं को आत्म निर्भर बनने, स्वरोजगार अपनाने एवं स्वदेशी भाव को जीवन में आत्म सात करने प्ररित किया। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, देश को स्वावलंबी व आत्म निर्भर बनाने युवाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। संभागीय महिला प्रमुख डॉ. नीता श्रीवास्तव ने स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्प कराया। जिला संयोजक नारायण गोस्वामी ने स्वदेशी के नारे लगवाए। जिला स्वावलंबन केंद्र प्रभारी विवेक पांडे ने स्वावलंबन केंद्र की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ.उषा तिवारी, डॉ. उषा राठौर, सुश्री स्वेताजली, डॉ.अनामिका शुक्ला एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### राजभाषा समिति ने किया एसईसीएल भोपाल कार्यालय का निरीक्षण



**बिलासपुर।** संसदीय राजभाषा समिति की तृतीय उप समिति ने बुधवार को एसईसीएल भोपाल कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण किया। संसदीय राजभाषा समिति की ओर से समिति के उपाध्यक्ष एवं संसद सदस्य भर्तृहरि महताब, संयोजक एवं संसद सदस्य श्रीरंग आप्पा बारणे, संसद सदस्य सतीश कुमार गौतम, ओमप्रकाश राजेनिंबालकर, ईरण्ण कड़ाड़ी, नीरज डांग, श्रीमती संगीता यादव, डॉ.धर्मशीला गुप्ता और शंकर लालवानी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अवसर पर निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास ने एसईसीएल का प्रतिनिधित्व किया। निरीक्षण बैठक के अवसर पर कोयला मंत्रालय से लखपत सिंह चौधरी संयुक्त सचिव, श्रीमती आस्था जैन संयुक्त निदेशक राजभाषा, विशाल सिंह सहायक निदेशक राजभाषा उपस्थित रहे। बैठक में उपमहाप्रबंधक मासं/राजभाषा मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा दिलीप कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## चन्द्र टीवीएस में जूपिटर की धमाकेदार बिक्री

**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** टीवीएस मोटर कंपनी के अधिकृत विक्रेता चन्द्र टीवीएस के संचालक कैलाश तिवारी ने बताया कि टीवीएस जूपिटर की जबरजस्त बिक्री और बुकिंग हो रही है, इसके कारण दीपावली तक गाड़ी मांग के अनुरूप देने में दिक्कत आ रही है। टीवीएस कंपनी की जूपिटर 110 में 25 फिचर्स अपने सेगमेंट में बेस्ट दिए गए हैं, जो आम स्कूटर से उसे अलग करते हैं। उन्होंने बताया कि जुपिटर 110 व जूपिटर 125 की भारी मांग चल रहीं है, जिससे कुछ माडल स्टॉक आऊट हो चुके हैं। संस्थान में फायनेंस और एक्सचेंज की व्यवस्था की गई है।






हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025




मंगला की बदहाल सड़क पर चलना हुआ मुश्किल।



## खबर संक्षेप

### युवती से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमैलिंग कर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजीव गांधी चौक निवासी बसीर मेमन चौक में अण्डा ठेला चलाता है। उसके ठेले में एक युवती काम कर रही थी। सितंबर 2025 में वह युवती को घुमाने के लिए सरकण्डा श्लोक विहार कालोनी एक परिचित के घर लेकर गया और अनाचार कर मोबाइल से फोटो खींच लिया। उसके बाद फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमैलिंग कर शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती ने घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351, 2, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा से अनाचार

**बिलासपुर।** वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा से अनाचार करने वाले शादीशुदा व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, शहर की रहने वाली छात्रा की सोशल मीडिया के माध्यम से आसमा सिटी निवासी रौनक ध्रुवे से दोस्ती हुई। इसी दौरान रौनक छात्रा को मिलने के लिए बुलाया और अपने घर लेकर शारीरिक संबंध बनाकर अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाता रहा है। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ धारा 376, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सड़कों की हालत जर्जर, ट्रॉली और ठेलों के पलटने से छोटे-बड़े हादसे रोज होते हैं

# 25 साल बाद भी व्यापार विहार बदहाल, व्यापारियों ने दी 72 घंटे कारोबार बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर और संभाग का सबसे बड़ा थोक व्यापार का प्रमुख केंद्र व्यापार बिहार 25 साल बाद भी विकास की राह देख रहा है। सन् 2000 में स्थापित इस व्यापारिक परिसर में आज भी सड़कें टूटी हुई हैं, नालियाँ उफन रही हैं और चेंबर खुले पड़े हैं। हाल यह है कि जहां से रोजाना करोड़ों रुपए का व्यापार होता है, वहां की बुनियादी सुविधाएं आज भी 'वादा' बनकर अटकी हुई हैं। अब लेकिन यहां के व्यापारी आंदोलन के मूड में हैं। व्यापारी संघ की ओर से साफ चेतावनी दी गई है कि यदि एक महीने के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 72 घंटे का व्यापार बंद करते हुए आंदोलन किया जाएगा।

- **इस व्यापारिक परिसर में आज भी सड़कें टूटी हुई हैं, नालियाँ उफन रही हैं और चेंबर खुले पड़े हैं**

व्यापार बिहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष विनोद मेघानी ने कहा कि व्यापार बिहार की हालत वर्षों से बदहाल है। उन्होंने कहा कि 2000 में बाजार बना था, लेकिन तब से अब तक सड़कें टूटी पड़ी हैं, नालियाँ और चेंबर खुले हुए हैं। ट्रॉली और ठेलों के पलटने से छोटे-बड़े हादसे रोज होते हैं। कई बार फोटो और वीडियो के साथ ज्ञापन दिया गया लेकिन प्रशासन केवल दिखावा करता है। अगर अब भी सुधार नहीं हुआ, तो व्यापारी मजबूर होकर सड़क पर उतरेंगे। मेघानी ने कहा कि व्यापार बिहार आज छत्तीसगढ़ का थोक व्यापारिक हब बन चुका है, लेकिन शासन-प्रशासन के रवैए से व्यापारी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।



विरोध जताते व्यापार विहार के व्यापारी।

### प्रशासन को दिखती नहीं हमारी समस्या

वरिष्ठ व्यापारी जे.पी. मित्तल ने कहा कि यहाँ व्यापार से जुड़ी हर समस्या वर्षों से लंबित है। उन्होंने कहा कि हम हर बार उम्मीद लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के पास जाते हैं, लेकिन जवाब केवल आश्वासन का मिलता है। कर और टैक्स बढ़ रहे हैं, मगर सुविधाएँ शून्य हैं। अब व्यापारी थक चुके हैं और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।एक व्यापारी ने कहा कि कुछ दिन पहले व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल महापौर से मिलने गया था, लेकिन महापौर से नहीं, उनके पति से बात करवाई गई। व्यापारी ने कहा कि हमारी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। निगम का प्रशासन ठप पड़ा है, यहां जनता नहीं, कुछ व्यक्तियों का प्रभाव चल रहा है। यह स्थिति पूरे शहर के लिए चिंता का विषय है।

### अधूरा मार्केट, उम्मीदें अधूरी रह गईं

गौरतलब है कि व्यापार बिहार में हजारों व्यापारी और ट्रांसपोर्टर रोज कारोबार करते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की हालत बद से बदतर है। सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, नालियां जाम हैं,



लाइटें खराब हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। व्यापारी कहते हैं कि कर वसूली में निगम सबसे आगे है, लेकिन विकास के कामों में सबसे पीछे। अब व्यापार बिहार संघ ने प्रशासन को एक माह की मोहलत दी है। यदि 30 दिनों के भीतर सड़क, नाली, लाइट और सुरक्षा जैसी सुविधाएं पूरी नहीं की गईं, तो व्यापारी 72 घंटे का सांकेतिक बंद आंदोलन करेंगे। अध्यक्ष विनोद मेघानी ने कहा कि अब हम केवल वादा नहीं, परिणाम चाहते हैं। व्यापार बिहार की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### ट्रांसपोर्ट जोन की जमीन तय लेकिन उपयोग नहीं

व्यापारियों ने बताया कि जर्जर सड़कों और टूटी नालियों से लेकर बिजली की कमी तक, व्यापारी रोजाना परेशान हैं। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं सड़कें तालाब में बदल जाती हैं। व्यापारियों का कहना है कि मार्केट के विस्तार के लिए ट्रांसपोर्ट जोन की जमीन भी पहले ही तय की गई थी, लेकिन आज तक उसका कोई उपयोग नहीं हुआ। इसके अलावा मंडी में पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते घरों व दुकानों का गंदा पानी मंडी के मैदान में भर रहा है। गंदे पानी के कारण यहां मक्खी-मच्छरों से डेंगू-मलेरिया फैलने का डर लोगों को सता रहा है। भरे गंदे पानी में अब तक दवा का भी छिड़काव नहीं किया गया है। गंदगी के चलते सब्जी मंडी के दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि मंडी के चारों तरफ फैली गंदगी को देखकर ग्राहक भी आने से कतराने लगे हैं।

# बिक रही अवैध शराब नींद में आबकारी विभाग

## दो महीनें से बंद है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है, बिचौलिए फेरी लगाकर शराब बेच रहे हैं, इसकी सूचना मिलते ही पुलिस विभाग द्वारा जमानती और गैर जमानती धाराओं में कार्रवाई की जा रही है, लेकिन आबकारी विभाग के हाथ कुछ नहीं लग रहा है। अवैध शराब बिकने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है।

शनिवार-रविवार की रात तिफरा में हुई हत्या के पीछे अवैध शराब की बिक्री ही मुख्य वजह रही है। रात 2 बजे के बाद चखना दुकान में अवैध शराब बेची जा रही थी, जिसके कारण ही दो लोगों के बीच में हुई झड़प हत्या के अंजाम तक पहुंच गई। इस वारदात के पीछे मुख्य कारण यह है कि पिछले दो माह से आबकारी विभाग के अधिकारी कार्रवाई तक नहीं कर रहे है, हालत यह है कि आबकारी को सूचना मिलने के बाद भी स्टाफ की कमी का हवाला देकर कार्रवाई नहीं की जाती है। वहीं दूसरी ओर पुलिस विभाग द्वारा एक दिन में 15 से 17 आबकारी प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। ऐसे में आबकारी विभाग के औचित्य पर ही सवाल उठने लगा है। जहां सरकार शराब दुकानें चला रही है, वहीं जिले में अवैध शराब बेधड़क बिक रही है। शहर में ही कई ऐसे इलाकें है जहां अवैध शराब बिक रही है। इसमें तिफरा, सिलपहरी, घुटकू, मेड़पार, निरतू, लालखदान जैसे इलाकों में शाम होते ही अवैध शराब की बिजली बढ़ जाती है। आबकारी विभाग में सहायक आबकारी आयुक्त व फ्लाइंग का अमला मौजूद है लेकिन हर बार अधिकारी स्टाफ की कमी के चलते कार्रवाई नहीं करने का रोना रोते है, जबकि अन्य जिलों में अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई हो रही है, इस मामले में बिलासपुर जिला फिसड्डी साबित हो रहा है।

#### कार्रवाई की जाएगी

जहां भी अवैध शराब बिक रही है, उसकी जानकारी दिलवाएं, कार्रवाई जरूर होगी।

**-आर संगीता**
आबकारी सचिव

#### चर्चा की जाएगी

अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। कार्रवाई नहीं होने की बात है तो इसस संबंध में आदेश दिया जाएगा।

**-लखन लाल देवांगन,**
मंत्री, आबकारी विभाग

### अधिकारियों का कर दिया तबादला

4 माह पहले जिले के आबकारी अधिकारियों का तबादला किया गया है, यह अधिकारी लंबे समय से जिले में पदस्थ थे, और लगातार कार्रवाई भी कर रहे थे। विभाग के अधिकारियों ने काम करने वाले अधिकारियों का तबादला कर दिया है, ऐसे में नए अधिकारियों को क्षेत्र की जानकारी तक नहीं है।




बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## नवीन गर्ल्स कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को बढ़ाने एवं युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीति क्या हम असली मुद्दे से भटक रहे हैं, विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया में मीडिया की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी सुषमा साहू, द्वितीय कुमारी शांभवी लश्कर, तृतीय कुमारी लीलिमा पैंकरा एमए अर्थशास्त्र में प्राप्त किया। नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति में कुमारी सीमा एम ए राजनीति प्रथम,शालिनी साहू एम ए हिंदी द्वितीय तथा नीतू साहू एम ए राजनीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत इन सभी प्रतियोगिताओं का संचालन प्राचार्य डॉ शशिकला सिंहा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम

## तेलुगू समाज की बैठक में वन भोज महोत्सव मनाने का निर्णय



**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति बिलासपुर ने एक बैठक आयोजित की। इसमें आगामी दिनों होने वाले आयोजन व हेमू नगर में निर्माणाधीन समाज के भवन के बारे में विशेष चर्चा की गई। साथ ही वन भोज महोत्सव 9 नवंबर को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज के सह संरक्षक आर श्रीनिवास राव की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी कार्तिक मास में आनंदमय वन भोज महोत्सव कार्यक्रम 9 नवंबर रविवार को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक श्री दर्शन मुनि उदासीन आश्रम छठ घाट के समीप आयोजित किया जाएगा। इस दिन समाज की महिलाओं द्वारा सामूहिक कार्तिक पुराण एवं ललिता सहस्त्रनाम मंत्र, गोविंद नामम पूजन कर पूजा में आईं सुहागिन महिलाओं को फल दान कर मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

शिविर

## देसी उत्पादक वस्तुओं के उपयोग की दिलाई शपथ



**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट विजन के अंतर्गत नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन पीएमश्री सेजेस कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। इसमें डॉ संदीप तिवारी नेत्र चिकित्सक की टीम ने 100 बच्चियों का नेत्र परीक्षण किया। वसुंधरा परिवार ने देसी वस्तुओं के उत्पादन एवं उसके उपयोग पर जोर देते हुए त्योहारों में देसी वस्तुओं की खरीदी और ऑफलाइन खरीदारी पर जोर देकर जागरूक किया। डॉक्टरों की टीम का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। प्राचार्य गायत्री तिवारी का रश्मि लता मिश्रा ने शॉल, श्रीफल से सम्मान किया। रश्मि लता मिश्रा, अर्चना तिवारी, विनीता मिश्रा, संजना मिश्रा, गायत्री कश्यप, शोभा चाहिल, मंजू मिश्रा, उषा मुदलियार, सावित्री जायसवाल उपस्थित रही।

# पुष्य नक्षत्र पर बरसे धन से चहका बाजार

दिपावली के पांच दिन पहले पुष्य नक्षत्र बुधवार को रहा,इस बार दो दिनों के शुभ संयोग से खरीददारी जमकर हुई। बुध-पुष्य नक्षत्र बुधवार के दिन लोगों ने दिनभर खरीददारी की,यह शुभ संयोग रहा। लोगों ने शुभमुहूर्त पर बर्तन, सोने-चांदी के गहने और सजावटी समानों की खूब खरीदारी की। व्यापारियों ने भी इस पुष्य नक्षत्र के मौके पर तरह-तहर ऑफर और ढेरों उपहार खरीदारी करने पर ग्राहकों को दिए।

**बिलासपुर।** धनतेरस के तीन दिन पहले ही बाजार में उत्सव सा माहौल रहा शाम होते ही सदरबाजार, गोलबाजार व अग्रेसन चौक सहित अन्य मार्केट में निकलना मुश्किल रहा। लोगों ने पुष्य नक्षत्र को मिनी धनतेरस के रूप में मनाया।

इस बार खरीदारी के लिए लोगों को धनतेरस के पहले दो दिन शुभ मुहूर्त मिला है, देर रात तक लोग दुकानों में ग्राहकों की भीड़ रही। ऑटोमोबाइल सेक्टर में कार-बाइक मिलाकर लगभग 300 से अधिक गाड़ियों की डिलिवरी हुई। वहीं धनतेरस और दिवाली के लिए 200 से अधिक गाड़ियों की बुकिंग भी हुई। सराफा बाजार भी दमकता रहा। डेली वियर सहित चांदी के बर्तन, सिक्के की ज्यादा मांग रही।







### जीएसटी कम होने से ऑटोमोबाइल बढ़ा

ऑटोमोबाइल सेक्टर में इस बार बंफर बिक्री हो रही है, कारोबारियों ने बताया कि जीएसटी कम होने से पिछले सालों की अपेक्षा इस बार अधिक ग्रोथ है। दिवाली तक ये और भी बढ़ने की उम्मीद है, कैश की जगह लोन पर लोग गाड़ियां ले रहे हैं। पहले 60 प्रतिशत गाड़ियां कैश और 40 प्रतिशत लोन होता था, पर इस बार लगभग 70 प्रतिशत गाड़ियां लोन पर ही बिक रही हैं। बुकिंग चल रही है। जिन गाड़ियों की मांग ज्यादा है, उसमें वेटिंग भी है। जिन्होंने गणेश चतुर्थी पर बुकिंग करवाई, उन्हें गुरुवार को गुरु-पुष्य मुहूर्त पर डिलिवरी दी गई।

### सोना की चमक से बाजार दमका

व्यापारी विमंथ सराफ ने बताया कि सोने की खरीददारी में अब लोग निवेश की तरह भी कर रहे है। यही वजह है कि पुष्य नक्षत्र में सोने के सिक्के और समानों की खूब खरीददारी लोगों ने की है। सोने का रेट लगातार बढ़ने से लोग टोकन मनी देकर सोने और चांदी के सिक्के बुक कराए। इसके अलावा चांदी के बर्तन, मूर्तियां, पूजा थाली की खरीदारी लोगों ने की। लाइट वेट गहनों की मांग रही है, वहीं शादी के लिए भी लोगों ने बुकिंग कराई।

### इलेक्ट्रॉनिक्स समानों और मोबाइल की बिक्री बढ़ी

इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के व्यापारीयों ने बताया कि टीवी की नई रेंज और अतिरिक्त फीचर के साथ कई डिजाइन भी उपलब्ध है। ऑटोमेटेड वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन व होम एप्लाइंसेस में माइक्रोवेव ओवन की खरीदी और पूछताछ ज्यादा लोगों ने की। 0 प्रतिशत ब्याज पर फाइनेंस के साथ-साथ हर बड़े सामानों पर कंपनियां ऑफर दे रही हैं। मोबाइल विक्रेताओं ने बताया कि सभी कंपनियों के लेटेस्ट मोबाइल की रेंज उपलब्ध है, जिससे की ग्राहकों को ऑनलाइन से भी कम मूल्य पर मोबाइल दिया गया।

## कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की दिखी झलक

दिल्ली पब्लिक स्कूल में गत दिनों विभिन्न सदनों के बीच कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सौंदर्य बोध और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना रहा।





दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजन



**बिलासपुर।** इस प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी ग्रुप-बी के चारों सदन के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को पूरे उत्साह के साथ प्रदर्शित किया। बच्चों ने दीया, रंगोली, लक्ष्मी-गणेश, दीप माला, हैप्पी दिवाली आदि संदेश वाला कार्ड सजाए। रंगीन कागज़, ग्लिटर, रिबन, मोती और अन्य सजावटी सामग्रियों से तैयार इन कार्डों में विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति और कौशल झलक रहा था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशासनिक अधिकारी आर.सी. मोहंती ने समस्त प्रतिभागियों के कौशल एवं प्रतिभा की सराहना की। निर्णायक रविंद्र भटनागर एवं नव्या सेबस्टिन ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन सभी मापदंड के आधार पर किया। कार्यक्रम की संयोजिका बॉबी मथाई थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

कार्तिक माह उत्सव

## शालिग्राम भगवान का हर दिन सहस्रार्चन



**बिलासपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण सेवा संघ एवं दैवी संपद मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सदर बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्रद्धा-भक्ति से कार्तिक माह उत्सव मनाया जा रहा है। इसका समापन 5 नवंबर को होगा। उत्सव के तहत शालिग्राम भगवान का सहस्त्रार्चन प्रतिदिन शाम को 6 बजे से किया जा रहा है। विशेष लक्ष्मीनारायण पूजन 17 से 21 अक्टूबर तक दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। 22 अक्टूबर को दोपहर 12 से 4 बजे तक अन्नकूट भण्डारा, प्रसादी होगी। देवउठनी एकादशी पर 2 नवम्बर को विवाहोत्सव मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा पर 5 नवंबर को रात्रि 8 से 10 बजे तक भजन संध्या आयोजित की जाएगी।

## रावत नाच महोत्सव 15 को, तैयारी जोरों पर

**बिलासपुर।** इस वर्ष आगामी 15 नवंबर शनिवार को स्वामी आत्मानंद लाल बहादुर शास्त्री शाला प्रांगण में रावत नाच महोत्सब आयोजित है। इसकी आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। इस बार भी रावत नाच का प्रदर्शन करने वाले दलों को पुरस्कृत किया जाएगा। 15 रनिंग शील्ड के साथ लगभग 2 लाख रुपए की नगद राशि प्रदान की जाएगी।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी बिलासपुर में विगत 47 वर्षों से रावत नाच महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह केवल छत्तीसगढ़ का नहीं वरन् संपूर्ण देश में एक अलग तरह का और प्राचीन लोक नृत्य है। इसमें हर वर्ष छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों से हजारों की संख्या में यदुवंशी भाई भाग लेकर अपनी बहुरंगी नृत्य कला व शस्त्र चालन कला का प्रदर्शन करते हैं और लोग रात भर इस लोक नृत्य का आनंद लेते हैं।



निर्णायकों द्वारा रावत नाच का पारंपरिक, अनुशासन उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंक दिए जाएंगे। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। पुरस्कारों में परिवर्तन का अधिकार रावत नाच महोत्सव समिति को होगा। सफल बनाने रावत नाच महोत्सव समिति के संयोजक डॉ कालीचरण यादव, धन्नू यादव, चंद्रिका यादव, सुशील यादव, रामचरण यादव, कन्हैया लाल यादव, संतोष यादव, भरत यादव तैयारी में लगे हुए हैं।

स्पोर्ट्स न्यूज

## रमन विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम पहुंची खेलो इंडिया खेलो

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम ने खेलो इंडिया खेलो के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम ने गलगोटिया विश्वविद्यालय नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु विश्वविद्यालय की टीम से 51/16 से जीतकर मैच अपने कब्जे में कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि ईस्ट जोन कबड्डी टूर्नामेंट की मेजबानी डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय को मिली थी। यह टूर्नामेंट 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय में खेला गया। जिसमें 60 से अधिक विश्वविद्यालय में हिस्सा लिया था। इसमें 6 से लेकर 9 तारीख तक पुरुष वर्ग की कबड्डी टूर्नामेंट आयोजित किया गया, और 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक महिला वर्ग कबड्डी टूर्नामेंट आयोजित किया गया। जिसमें की महिला और पुरुष वर्ग में डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय ने ऑल इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद हमारी पुरुष कबड्डी टीम नोएडा के गलगोटिया विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया टूर्नामेंट्स में शामिल हुई है। यह ऑल इंडिया टूर्नामेंट गलगोटिया विश्वविद्यालय नोएडा से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। संचालक शारीरिक शिक्षा डॉ जयशंकर यादव एवं दो ब्रम्हेश श्रीवास्तव है। इस बड़ी उपलब्धि पर डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने पूरे विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।



गलगोटिया विश्वविद्यालय नोएडा में तमिलनाडु को पटकनी देकर अपना स्थान किया सुनिश्चित

### इन विद्यार्थियों ने दिखाया जलवा

खिलाड़ियों में अजय मरावी, घनश्याम राठिया, अभय सिंह चौहान, दीपक जोशी, विशाल, राहुल यादव, दीप कुमार, मूलचंद साहू, दीपक कुमार, रंजीत कुमार, नितिन चौहान, साहिल सिंह ठाकुर, युवराज शामिल हैं। इसी तरह कोच किशन चौधरी और प्रबंधक डॉ गणेश खांडेकर नोएडा में शामिल हुए।

### खेलो इंडिया खेलों में स्थान सुनिश्चित

विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन मैच में से दो मैच जीत कर खेलो इंडिया खेलों में अपना स्थान सुनिश्चित कर दिया है। बहुत ही गर्व की बात है,कि छत्तीसगढ़ राज्य से नोएडा में खेल कर हमारे विद्यार्थियों खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया टूर्नामेंट में तमिलनाडु विश्वविद्यालय को 51/16 से हराकर यह करिश्मा किया है। अब डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय की कबड्डी पुरुष टीम खेलो इंडिया खेलों के लिए अपनी दावेदारी सुनिश्चित कर चुकी है। गौरतलब है, कि खेलो इंडिया खेलों में देश की 8 टॉप टीम में भाग लेगी। इसी तरह ईस्ट जोन कबड्डी महिला टूर्नामेंट में भी हमारी छात्राएं खिलाड़ी नवंबर में लद्दाख में होने वाले ऑल इंडिया कबड्डी महिला टूर्नामेंट में शामिल होने जाएगी। निश्चित रूप से यहां भी हमारे विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों शानदार प्रदर्शन करेगी।

## जीजीयू के छात्रों ने मारी बाजी, लीग स्पर्धा में बनाई जगह

रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी नेशनल लीग प्रतियोगिता में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमें देशभर के 54 से अधिक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न समितियों जैसे लोकसभा, विधानसभा, अंतरराष्ट्रीय प्रेस और युवा संसद के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र अर्पित उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा समिति में प्रथम स्थान सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं ओवैस फारिदी ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस में प्रथम स्थान, और विशाल आनंद ने लोकसभा समिति में तृतीय स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही विधि विभाग के छात्र हर्ष सिंह की कप्तानी में क्रिकेट टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के 11 वर्षों के इतिहास में पहली बार हासिल की गई है। पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष तथा अरुण देव गौतम, डीजीपी छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। विजेताओं को सम्मान उनके करकमलों से प्राप्त हुआ। विजेताओं के विश्वविद्यालय लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक चक्रवाल ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा हमारे विद्यार्थियों ने न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। इस मौके पर प्रो सुधांशु रंजन महापात्र, डॉ. निधि सांडल, डॉ. अजय सिंह सहित कई अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।





### रोलर स्पोर्ट्स में प्राप्ति को गोल्ड व सिल्वर मेडल

स्पोर्ट्स प्रतियोगिता रायपुर के सरोना केपीएस में संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया 4 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के आयु तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर 6 वर्ष में बिलासपुर के प्राप्ति गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर की रेस में सिल्वर मेडल तथा 200 मीटर की रेस में प्रथम स्थान प्राप्त गोल्ड मेडल हासिल किया। प्राप्ति गुप्ता द रिपब्लिक ऑफ किड्स केजी 2 की छात्रा है। कम उम्र में ही इस उपलब्धि से उसने अपने माता-पिता और विद्यालय का और अपने कोच तन्मय नायर का नाम रोशन किया पहले भी प्राप्ति ने कई मेडल हासिल कर चुकी हैं। उनको उनके भविष्य के लिए बहुत सारी शुभकामनाएं।


SONY
BRAVIA
CINEMA IS COMING HOME
S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker
DIRECTOR
BIG SAVINGS with GST BENEFITS & FESTIVE OFFERS
Advanced AI
Powered by XR
SPECIAL FESTIVE OFFERS*
3 YEARS WARRANTY*
INSTANT CASHBACK UP TO RS. 25,000/-*
*Applicable on selected models only.
1 EMI FREE*
*Applicable on selected models
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs. 69,990/-
BUY NOW AT Rs. 2,995/-
*Conditions apply
BRAVIA
BRAVIA 5 NEW
Big on entertainment, easy to love.
SPECIAL OFFER*
INSTANT CASHBACK
₹25,000/-
Buy now
Rs. 2,995/-
XR Mini LED
Available Sizes: • 248cm (98) • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,33,660/-
BRAVIA 3
Rich Color, Immersive Sound
4K HDR Processor
SPECIAL OFFER*
INSTANT CASHBACK
₹15,000/-
Buy now
Rs. 1,849/-
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.66,340/-
BRAVIA 2II NEW
Life, upscaled. In 4K.
4K Processor
SPECIAL OFFER*
INSTANT CASHBACK
₹7,500/-
Buy now
Rs. 1,849/-
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.44,190/-
SOUNDBAR
HT-A3000 + SW3 + RS3S
Real 5.1ch Home Theatre with Wireless Rear Speakers
SPECIAL OFFER*
INSTANT CASHBACK UP TO Rs. 6,000/- Off
BUY NOW AT Rs. 4,995/-
GET Rs. 35,990/-
MRP Rs. 1,35,970/-
Offer Price Rs. 80,980/-
BRAVIA Theatre System 6 NEW
Real 5.1ch Dolby Atmos Soundbar with Wireless Rear Speaker
SPECIAL OFFER*
COMBO OFFER UP TO Rs. 3,000/- Off
1000W POWER OUTPUT
MRP Rs. 64,990/-
Offer Price Rs. 49,990/-
HT-S20R
Real 5.1ch. Powerful Soundbars
SPECIAL OFFER*
SAVE Rs. 10,000/-
BUY NOW AT Rs. 874/-
400RMS
MRP Rs. 23,990/-
BEST BUY: Rs. 13,990/-
Finance offers powered by :
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*
*Features & prices may vary for each product. For more details please visit: www.sony.co.in; Special Offers Applicable on select products in select cities for limited period only. For details of terms & Conditions on offers please visit https://www.sony.co.in/microsite/festive-tnc/ BRAVIA 9 Award: The Annual TV Shootout evaluation event was created by Value Electronics and the TV Shootout name is a trademark owned by Value Electronics. King of TV® a registered trademark of Value Electronics
Scan to know more
Diwali Offers
अमित सेल्स
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
88188 00071
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर


A TATA Product
VOLTAS
Brighten Diwali with Smart Comfort
Celebrate with sparkling offers from Voltas
HAPPY Diwali
Fixed EMI
of ₹2950 with TVS Credit
Zero Down Payment Schemes
Finance at zero down payment with 10, 8 & 6 month tenures.
Long Tenure Schemes
Upto 18-month EMI across major financiers on select Acs.
cashback of up to ₹6,000
Low Down Payment Schemes
Low down payment option with 10-month EMI via Bajaj.
Free installation
5 year warranty
With gas charging worth ₹7,550
Now with GST at 18%*
*Limited time period offer *Offer & Cashback amount will vary product wise.
*Festive offers valid for a limited time on select products.
Limited Period Offer
*T&C Apply
Visit us at: www.voltas.com
To locate your nearest store, log on to:www.voltas.com/apps/store-locator
Voltas 24x7 Customer Service - 1860 599 4555, 9650694555
For product registration, SMS <WTA> to 9289525321
Buy only genuine Voltas stabilizers.
Follow us at:
My Voltas
My Voltas
myvoltas
Voltas Limited - A TATA Enterprise
My Voltas
VOLTAS THE BRAND SHOP
अमित सेल्स
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
88188 00071

## खबर संक्षेप



### लापरवाह ऑटो चालक ने ठेले को मारी टक्कर

**बिलासपुर**। मनोहर टॉकीज के पास मेन रोड जूना बिलासपुर पर मंगलवार को बड़ा हादसा टल गया। मनोहर टॉकीज के पास डिलीवरी ऑटो चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक पान ठेला को जोरदार टक्कर मार दी। आटो की टक्कर से पान ठेला में बैठे संचालक सहित ठेला नीचे गिर गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आटो के टक्कर से पान ठेला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोग तत्काल मदद के लिए आगे आए। बड़ी मशक्कत के बाद पान ठेला व्यापारी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। हादसे के समय में सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही, जिसे देखते हुए समाज सेवी रमेश गुप्ता ने यातायात को सुचारु रूप से संचालित कर मालवाहक ऑटो को ठेला से अलग किया गया। त्यौहारों के चलते प्रतिदिन गोल बाजार से गांधी चौक के बीच जाम की स्थिति रोज बन रही है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.








# 40 साल पुराने रास्ते को बंद कर लिख दिया 'गुजरने वालों की खूब खातिरदारी की जाएगी'

- अब 15 परिवारों को पैदल नदी पार कर आने जाने की मजबूरी
- कंधे पर बिठाकर स्कूल छोड़ना और लाना पड़ रहा, गाड़ी दूर खड़ी कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

दयालबंद पुल के नीचे 40 सालों से रह रहे 15 परिवारों के आने जाने के रास्ते को कुछ लोगों ने बंद कर दिया है। इससे इन्हें परेशानी हो रही है। स्थिति यह है कि बच्चों को पुल के नीचे से नदी पार करते हुए कंधे पर बिठाकर स्कूल छोड़ना और लाना पड़ रहा है। यहीं नहीं बाइक या दूसरे वाहन मुख्य सड़क पर या दुकानों में रखनी पड़ रही क्योंकि नदी में गाड़ी चलाने में मुश्किल होती है। बीमारी या आपात काल की स्थिति में परेशानी बढ़ जाती है।

मामले की कलेक्टर से करने के बाद मौके का सीमांकन भी किया गया जिसमें पगडंडी दर्शित की गई है। इसके बाद भी लोहे का गेट लगाकर और बाउंड्री बनाकर उसमें लिख दिया गया है कि इस रास्ते से गुजरने वालों की खूब खातिरदारी की जाएगी। दयालबंद पुल के नीचे से होकर लिंगियाडीह जाने वाले रास्ते में करीब 15 परिवारों के 40 से अधिक सदस्य सालों से अपनी जमीन पर निवास करते हैं। इनके आने जाने के लिए एक पगडंडी भी है जिसे बंद कर दिया गया है। यह पूरी जमीन खसरा क्रमांक 175/1 से 175/9 तक के अंतर्गत आता है और सभी लोगों के पास उनकी जमीन के कागज हैं। यहां के निवासी राकेश मौर्य, कल्पनाथ मौर्य, पवन मौर्य, शकुंतला कश्यप, गिरिजा कश्यप, सरिता मौर्य, सीमा चक्रवर्ती और अन्य ने बताया कि रास्ता बंद करने वाले कुछ लोग उनकी जमीन को खरीदना चाहते हैं। नहीं बेचने पर इस तरह से तंग किया जा रहा है।

इन निवासियों की शिकायत पर मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने निरीक्षण भी किया और पंचनामा बनाया। इसमें पाया गया कि सभी लोग सालों से निवास और रास्ते से आना जाना करते आ रहे हैं। निरीक्षण में पाया गया कि नक्शे में भी दयालबंद सड़क तक पगडंडी है।

# खूंटाघाट में महिला की अधजली लाश मिलने से सनसनी, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**मृतका का पैर साड़ी से झाड़ियों में बंधा मिला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

खूंटाघाट में महिला की अधजली लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। दुष्कर्म के बाद हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। मृतका का पैर झाड़ी में साड़ी से बंधे हुए थे, उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, 15 अक्टूबर को रतनपुर क्षेत्र की महिलाएं खूंटाघाट लकड़ी काटने गई थीं। दोपहर दो बजे महिलाएं तेज दुर्गंध आने पर झाड़ियों के अंदर गईं तो वहां एक महिला की अधजली लाश दिखी, उन्होंने बोट चलाने वाले को महिला के लाश पड़े होने की जानकारी दी। बोट चालक ने रतनपुर पुलिस को सूचित किया। एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा रतनपुर पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गई। मृतका का शरीर जला हुआ था। एक पैर अलग हो गया था और सिर 5 मीटर दूर में था। एक पैर साड़ी से झाडियों में बंधा हुआ था। सूचना पर फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। जांच के बाद लाश एक सप्ताह पुरानी होने की संभावना जताई गई है। महिला के साथ दुष्कर्म कर पेट्रोल डालकर जलाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। जिले व पड़ोसी जिले के थानों से गुम इंसान महिलाओं की जानकारी लेकर पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



### कानन पेंडारी में इसी तर्ज पर मिली थी लाश

वर्ष 2010 में कानन पेंडारी के अंदर जंगल में एक नाबालिग की सड़ी गली लाश मिली थी। उसके दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था, कपड़े अस्त व्यस्त थे। पास में उसकी चप्पल मिली थी, जिसमें धान की बाली लगी हुई थी। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका पर पुलिस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जोरों से लगी हुई थी, किन्तु नाबालिग की पहचान नहीं हुई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। 15 साल बाद भी मामला अनसुलझा पड़ा है।

### नहीं हुई है पहचान

महिला की सड़ी गली लाश मिली है। पहचान छिपाने के लिए लाश जला दी गई है। उसका पैर साड़ी से झाड़ियों में बंधा हुआ था। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है।

-संजय सिंह राजपूत रतनपुर टीआई

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

DIWALI
SPECIAL OFFERS
अपनी दीवाली को खुशियों से रोशन करें

DELL hp Lenovo ASUS
All Type of CCTV Camera Available
प्रत्येक खरीदी पर निश्चित उपहार
Desktop Computer 10,000/-* से प्रारंभ
ऑनलाईन से कम दाम की गारंटी ऑनलाईन खरीदी से पहले संपर्क करें
All Type Printer
Laptop 15,000/-* से प्रारंभ
एक्सचेंज सुविधा उपलब्ध
कम्प्यूटर एण्ड कम्प्यूटर्स
2-हॉटल मिडटाउन कॉम्पलेक्स, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, होटल गैण्ड अम्बा के बगल में, बिलासपुर मो. 98271-53134

मॉ महामाया मोबाईल
iPhone SAMSUNG vivo oppo realme ONEPLUS mi
नवरात्रि, दिवाली की रौनक नए मोबाइल के संग
हर बजट में फिट EMI के साथ हिट
LUCKY DRAW
Scratch & Win
EMI आसान, खुशिया बेमिसाल
दिवाली की चमक डील्स की धमक
@MAA_MAHAMAYA_MOBILE_BSP
प्रत्येक स्मार्ट फोन की खरीदी में पाईयें आकर्षक उपहार
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है
दीना साहू
SAMSUNG Finance+ TVS CREDIT IDFC FIRST Bank BAJAJ FINSERV
पता : तिलक नगर, चाटापारा, बिलासपुर (छ.ग.)
Mob. : 8717824385, 9752327010

MF ISO 9001:2015
बिलासपुर का 24 वर्षो से विश्वसनीय संस्थान
धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर
DIWALI SPECIAL OFFER
एक्सचेंज सुविधा उपलब्ध
Flat 20% OFF SPECIAL OFFER
सभी प्रकार के लग्जरी फर्नीचर एवं ऑफिस फर्नीचरों की विशाल रेंज
SUNDAY OPEN
BAJAJ FINSERV HDFC BANK फायनेंस सुविधा उपलब्ध
मित्तल फर्नीचर
रिंग रोड नं. 2, सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास अमेरी चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
मेनरोड व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)
07752-410888, 9827150171, 9826663999